तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 14. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 29 जनवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

शिक्षा समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक : चौधरी

4



## खबर संक्षेप

### लंबित पेंशन एवं वेतन निर्धारण के लिए विशेष शिविर कल

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण हाने के अवसर पर प्रदेश में रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि संचालनालय द्वारा उक्त अवधि में संभाग स्तर एवं जिला स्तर पर कैम्प आयोजित कर, पेंशन एवं वेतन निर्धारण के प्रकरणों का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के परिपालन में लंबित पेंशन/वेतन निर्धारण प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला कोषालय जांजगीर में 30 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे से 5 बजे तक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। कैम्प में विशेष रूप में संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन द्वारा आपत्ति की गई लंबित पेंशन प्रकरण का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने इस सबंध में जिले के सभी आहरण एवं संवित्तरण अधिकारियों को पत्र के माध्यम से सूचना दी गई है कि अपने कार्यालय में लंबित पेंशन प्रकरण एवं वेतन निर्धारण की जांच हेतु आवश्यक दस्तावेज संहित, संबधित आहरण संवितरण अधिकारी एवं संबंधित लिपिक उपस्थित हो सकते है।

### रचना तथा लोक प्रस्तुतियों के लिये आवेदन 13 तक

**जांजगीर-चांपा।** जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2026 का आयोजन जिला मुख्यालय जांजगीर में 11, 12 एवं 13 फरवरी तक आयोजित है। इस अवसर पर जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2026 हेतु प्रकाशित होने वाले स्मारिका के लिए लेख, रचनाएँ, कविता, कहानी प्रकाशन हेतु इच्छुक. रचनाकारों से उनकी मौलिक रचनाएं प्रकाशन हेतु आमंत्रित किये जाते है तथा आयोजन में स्थानीय कलाकारो के सामूहिक प्रस्तुति हेतु परिचय सहित आवेदन के साथ फोटो एवं मय सी.डी. सहित 3 फरवरी तक कार्यालय जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के कक्ष क्रमांक 19 जाज्वल्यदेव महोत्सव शाखा में जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

### नगारीडीह में बाबा गुरु घासीदास जयंती आज से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम नगारीडीह (करही) में पांच दिवसीय संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन 29 जनवरी दिन गुरुवार को शुभारंभ किया जाएगा। अच्छा प्रदर्शन करने वाले पंथी पार्टी के लिए आकर्षक पुरस्कार स्वरूप इनाम दिया जाएगा। जयंती समारोह का 2 फरवरी दिन सोमवार को भव्य शोभा यात्रा के साथ समापन किया जाएगा। संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह के आयोजन को लेकर समस्त ग्राम वासियों के द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### सखी वन स्टॉप सेंटर के संचालन के लिए दावा आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना मिशन शक्ति की शुरूआत की है। मिशन शक्ति अम्ब्रेला योजना अंतर्गत दो उपयोजना संबल एवं समर्थ शामिल है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि संबल उपयोजना अंतर्गत जिले में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर जांजगीर में दैनिक कार्यों के संचालन व सभी सुसंगत कार्यवाहियों के लिए रिक्त सेवा प्रदाताओं के 8 पद की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदन पत्रों का प्राविधिक सूची का प्रकाशन करते हुए 30 जनवरी से 5 फरवरी तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक कार्यालय जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला जांजगीर-चांपा में दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। ड पोस्ट व रजिस्टर्ड डाक या व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति होकर भी दावा आपत्ति का आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

# जिला न्यायालय को ब्लास्ट करने की धमकी, बम निरोधक दस्ते ने की सघन जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

## कोर्ट परिसर में बढ़ाए गए सुरक्षा के इंतजाम



जिला न्यायालय जांजगीर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ई-मेल के माध्यम से कोर्ट में बम ब्लास्ट करने की धमकी दी गई है। धमकी भरा ई मेल प्राप्त होने पर सुरक्षा व्यवस्था को सक्रिय किया गया है। संभावित खतरे को ध्यान में रखते हुए जिले की स्कॉट टीम एवं बम निरोधक दस्ता से कोर्ट परिसर की सघन जांच की गई।

जिला न्यायालय जांजगीर को बम से उडाने की ई मेल के माध्यम से मिली धमकी को देखते हुए एस पी विजय पाण्डेय ने बुधवार 28 जनवरी को कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को सक्रियकरते हुए विशेष जांच कराई। संभावित खतरे को ध्यान में रखते हुए जिले की स्कॉट टीम एवं बम निरोधक दस्ता को मौके पर बुलाया गया। अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए सी एस पी जांजगीर योगिता बाली खापर्डे एवं थाना प्रभारी जांजगीर जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में जिला न्यायालय परिसर की सघन तलाशी ली गई। न्यायालय भवन के अंदर, आसपास के परिसर, पार्किंग स्थल तथा आम जनता एवं कर्मचारियों की आवाजाही वाले सभी स्थानों की बारीकी से जांच की गई। साथ ही न्यायालय में आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की भी सावधानीपूर्वक चेकिंग की गई। बम निरोधक दस्ते द्वारा की गई जांच के दौरान किसी भी प्रकार की विस्फोटक सामग्री, संदिग्ध वस्तु अथवा खतरे से संबंधित कोई प्रमाण नहीं पाया गया, जिससे स्थिति पूर्णतः सुरक्षित पाई गई।

### सायबर टीम जांच में जुटी

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना जांजगीर में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। धमकी भरे ई-मेल की तकनीकी जांच एवं आरोपी की पहचान के लिए विवेचना की कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा साइबर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहन जांच की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिली थी कीचड़ से सनी लाश

# युवती की हत्या, सड़क पर शव रखकर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

## नवागढ़ थाना क्षेत्र का मामला, तीन आरोपी गिरफ्तार

नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बरगांव में युवती की हत्या के मामले में परिजन व ग्रामीणों ने नवागढ़-राछांभाठा चौक में चक्काजाम कर दिया। वे आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा होना बताया जा रहा है।

ज्ञात हो कि मंगलवार 27 जनवरी को नवागढ़ नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम बरगांव में खेत में रामेश्वर साहू के खेत में एक युवती की लाश कीचड़ से सनी हुई मिली थी, उसके कपड़े भी अस्त व्यस्त थे। मृतका की शिनाख्ती उपरांत पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए नवागढ़ भेजा, जहां शाम होने के कारण दूसरे दिन बुधवार 28 जनवरी को पोस्टमार्टम पश्चात शव को परिजन के सुपुर्द किया गया। दूसरी ओर घटना को लेकर ग्रामीण व परिजन में पुलिस कार्रवाई के खिलाफ नाराजगी थी। उन्होंने इस घटना को सुनोजियत हत्या बताकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। इसके बाद वे शव लेकर सीधे राछाभांठा चौक पहुंच गए और वहीं पर चक्काजाम शुरू कर दिया। सड़क पर शव रखकर चक्काजाम करने की सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक अमला हरकत में आया। पुलिस के साथ प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों को समझाईश दी, लेकिन ग्रामीण कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर अडिग रहे। बाद में अफसरों की समझाईश व कार्रवाई के आश्वासन पर दोपहर 1:30 बजे के करीब आंदोलन समाप्त हुआ। इस दौरान पूरे तीन घंटे आवागमन अवरूद्ध रहा। इधर मामले में पुलिस ने गांव के ही आरोपी प्रवीण प्रकाश चंद्रा पिता प्रहलाद चंद्रा उम्र 28 वर्ष, लव प्रकाश चंद्रा पिता प्रहलाद चंद्रा उम्र 32 वर्ष, केशव चंद्रा पिता जवाहरलाल चंद्रा उम्र 34 वर्ष को अपराध क्रमांक 39/2026 धारा 103 (1), 249, 238 बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया। बहरहाल पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।



नवागढ़-राछाभांठा चौक में चक्काजाम करते परिजन व ग्रामीण।




### घटना के बाद हुआ था फरार, बैकुण्ठपुर में पुलिस ने पकड़ा

पुलिस के मुताबिक इस घटना में मुख्य आरोपी प्रवीण प्रकाश चंद्रा और लव प्रकाश चंद्रा दोनों सगे भाई है जबकि तीसरा उन्हीं के परिवार का है। घटना के बाद मुख्य आरोपी प्रवीण फरार हो गया था, जिसे बैकुण्ठपुर से गिरफ्तार किया गया। वहीं दो सहयोगियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर इस घटनाक्रम का खुलासा हुआ। पुलिस ने मृतका का मोबाइल, घटना के समय पहने हुए कपडे और प्रयुक्त मोटरसायकल को जब्त किया है।

# युवक ने हसिया से खुद का गला काटा, बिलासपुर रेफर

## शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के सेमरिया की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरिया में एक युवक ने हसिया से खुद का गला काट लिया। हालात गंभीर होने के कारण पामगढ़ सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद युवक को बेहतर उपचार के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है।युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने की बात सामने आ रही है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय मंगल दास अपने जीजा के घर गांव सेमरिया आया था। बुधवार 28 जनवरी को घर के सभी सदस्य अपने अपने कामों में व्यस्त हो गए। दोपहर में घर सुना था। मंगल दास ने दरवाजे को अंदर से बंद कर लिया और घर में रखे हसिया से अपने गले को काट लिया। बाद में जब घर के अन्य सदस्य पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। आवाज लगाने पर अंदर से कोई आहट नहीं आई। खिड़की से झांक कर देखने पर भी मंगल दास घर में नहीं दिखा। दरवाजे को तोड़कर परिजन अंदर घुसे । अंदर जाकर तलाशी लेने पर मंगल दास खून से लथपथ पड़ा था। उपचार के लिए उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़ लाया गया। उसके गले में गंभीर चोट आई है। सी एच सी में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए उसे बिलासपुर रेफर किया है। युवक के परिजनों का कहना है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



घायल युवक।

### निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं चिकित्सा शिविर 8 को

**बिर्रा।** प्रथम हॉस्पिटल बिलासपुर द्वारा निशुल्क अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग जांच स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन 8 फरवरी को सुबह 11 बजे से आचार्य चाणक्य सभागार भवन बिर्रा में रखा गया है। जिसमें डॉक्टर रजनीश कुमार पांडे ,डॉक्टर एस के धर ,डॉक्टर लक्ष्मी नारायण मिश्रा, डॉक्टर वैभव कौशिक, डॉक्टर अंबिकेश पांडे आदि के अलावा विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जांच व उपचार किया जाएगा।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा 1 को, 13 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ व्यापम परीक्षा मंडल द्वारा 1 फरवरी को छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 की परीक्षा दो पालीयों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली में जिले के 17 परीक्षा केन्द्रों में 5313 अभ्यार्थी एवं द्वितीय पाली में 29 परीक्षा केन्द्रों में 8563 अभ्यार्थी शामिल होंगे।

परीक्षा प्रथम पाली में 9.30 बजे से 12.15 तक एवं द्वितीय पाली 3 बजे से 5.45 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थी, परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेवें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। चूंकि प्रथम पाली की परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार 9.30 प्रारंभ हो रह है तो मुख्य द्वारा 9 बजे एवं द्वितीय पाली की परीक्षा 3 बजे से प्रारंभ हो रहा है तो मुख्य द्वार प्रातः 2.30 बजे बंद कर दिया जावेगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आये। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर की अनुमति है।

# 140 लीटर चोरी की डीजल के साथ 2 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



खड़ी गाड़ियों से डीजल की चोरी करने वाले 2 आरोपियों को बलौदा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी का 140 डीजल जब्त किया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुड़गहन निवासी विनोद कुमार ने 27 जनवरी को अपने वाहन में 200 लीटर डीजल भरवाकर दीपका जिला कोरबा से रात मे कोयला लोड कर हरदी बाजार बुडगहन रोड से महावीर कोलवासरी के लिए रवाना हुआ। रात्रि 11 बजे वाहन को कटरा जंगल के पास रोड किनारे खडी कर सो गया। रात्रि करीबन 1 बजे वाहन के पीछे डीजल टंकी के पास कुछ लोगो की आवाज आने पर टार्च लेकर वाहन से नीचे उतरा तो देखा कि 3 व्यक्ति सफेद रंग के स्कार्पियो वाहन खडी कर डीजल चोरी कर अपने स्कार्पियो वाहन मे डीजल के डिब्बा को डाल रहे थे। तीनो व्यक्ति वहां से स्कार्पियो से बुडगहन की ओर भाग गये। मामले की रिपोर्ट पर थाना बलौदा में धारा 303(2) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया। मुखबीर की सूचना पर संदेही रजनीश रात्रे पिता शिवराम रात्रे उम्र 24 वर्ष निवासी खिसोरा खमदाई पारा एंव जयनारायण कैवर्त पिता स्व.समरथ राम कैवर्त उम्र 20 वर्ष निवासी बलौदा को हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से चोरी के 140 लीटर डीजल और घटना मे प्रयुक्त एक सफेद रंग का स्कार्पियो वाहन जब्त किया गया।

## जांजगीर, चांपा, पामगढ़ व अकलतरा में हुआ आंदोलन

# धान खरीदी में अव्यवस्था को लेकर कांग्रेसियों ने किया एसडीएम दफ्तर का घेराव



प्रदर्शन को संबोधित करते विधायक ब्यास कश्यप।

धान खरीदी में अव्यवस्था और किसानों को हो रही परेशानी को लेकर कांग्रेसियों ने जिले में एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान जांजगीर, चांपा, अकलतरा और पामगढ़ एसडीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसियों ने ज्ञापन सौंपा।

बुधवार 28 जनवरी को जिला मुख्यालय जांजगीर में कांग्रेसियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने धान खरीदी के अंतिम दिनों में होने वाली परेशानी और किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाए।

### चांपा तहसील कार्यालय के सामने प्रदर्शन



**चांपा।** धान खरीदी में कथित अनियमितता, टोकन न मिलने और रकबा कम होने जैसी समस्याओं से नाराज कांग्रेस और किसानों ने चांपा तहसील कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन के पश्चात एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में यह प्रदर्शन धान खरीदी की अंतिम तिथि निकट होने पर भी किसानों की उपज न बिकने के विरोध में आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण हजारों किसानों का धान अभी तक नहीं बिका है, किसानों को टोकन नहीं दिया जा रहा है, एग्रीटेक पोर्टल पर पंजीयन में दिक्कत और रकबा कटौती के कारण किसान अपना उपज नहीं बेच पा रहे है। आंदोलन के पश्चात मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।

### बैरिकेट तोड़कर कार्यालय में घुसे प्रदर्शनकारी



**अकलतरा।** अकलतरा विधानसभा की विभिन्न सेवा सहकारी समितियों में धान विक्रय के लिए किसानों के टोकन नहीं काटे जाने तथा दबावपूर्वक रकबा समर्पण कराए जाने के विरोध में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने प्रदर्शन किया। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। घेराव से पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान योगेश सिंह बैस स्मृति भवन में एकत्रित हुए, जहां से विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह की अगुवाई में ट्रैक्टर रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय की ओर कूच किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने मुख्य द्वार पर लगाए गए बैरिकेट को तोड़ते हुए एसडीएम कार्यालय के भीतर प्रवेश कर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव

उपहार वितरण सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 29 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।

समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।

नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।

## खबर संक्षेप



### किसान मेला कटघोरा का नपा अध्यक्ष ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**कटघोरा।** नगर में आयोजित किसान मेला कटघोरा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर नगरवासियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। किसान मेले का आयोजन किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों के लिए जानकारी, मनोरंजन और खरीदारी का एक सशक्त मंच बनकर उभरा है। श्री अग्रवाल ने बताया कि किसान मेला न केवल किसानों को नई तकनीक, उन्नत कृषि साधनों और सरकारी योजनाओं से जोड़ने का माध्यम है, बल्कि नगरवासियों के लिए भी यह एक पारिवारिक और सामाजिक उत्सव है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलता है और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियाँ सशक्त होती हैं। किसान मेले के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि उपकरण, बीज, खाद, पशुपालन, कृषि यंत्र और नवाचारों की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध हो रही है, जिससे उनकी आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। किसान मेले में विभिन्न स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें कृषि उपकरण, खाद-बीज, घरेलू उपयोग की वस्तुएँ, हस्तशिल्प सामग्री, खानपान एवं मनोरंजन के साधन शामिल हैं। बच्चों और महिलाओं के लिए भी विशेष आकर्षण का प्रबंध किया गया है, जिससे मेला सभी वर्गों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### अखबार वितरक संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** डिजिटल युग की चुनौतियों के बीच पारंपरिक पत्रकारिता और उससे जुड़े रोजगार को बचाने के लिए छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने पहल की है। जिले के सभी सरकारी कार्यालयों, स्कूलों और कॉलेजों में दैनिक समाचार पत्रों की उपलब्धता अनिवार्य करने की मांग को लेकर संघ ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में संघ ने तर्क दिया कि अखबार केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि ज्ञान का सबसे विश्वसनीय स्रोत हैं। स्थानीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय घटनाओं तक की सटीक जानकारी विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान और बौद्धिक विकास के लिए अनिवार्य है। साथ ही, शासकीय कार्यालयों में अखबारों की मौजूदगी से अधिकारी और कर्मचारी समसामयिक विषयों और सरकारी नीतियों से अपडेट रह सकेंगे। संघ की मांग है कि जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में कम से कम दो दैनिक समाचार पत्र मंगवाए जाएं, स्कूलों और कॉलेजों के पुस्तकालयों में छात्रों के लिए अखबारों की अनिवार्यता संबंधी आदेश जारी हों एवं अखबार वितरण से जुड़े लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार सुरक्षा दी जाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, सचिव जय सिंह नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, संयोजक तपेश्वर राठौर एवं राय सिंह सहित संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अंतिम दिनों में किसानों को धान बेचने में न हो परेशानीः दूदावत

**कोरबा।** कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में जिलें में संचालित फ्लैगशिप योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी विभागों को कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के शेष दिनों में पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता, सतर्कता और समन्वय के साथ बिना किसी प्रकार की गड़बड़ी के संपन्न होनी चाहिए। उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार, नोडल अधिकारियों, खाद्य व सहकारिता विभाग समेत खरीदी व्यवस्था से जुड़े सभी अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने स्पष्ट किया कि धान बेचने आने वाले छोटे एवं शेष किसानों का सत्यापन शीघ्र कराकर उनका टोकन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी किसान को अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने शिकायतों के त्वरित निराकरण, शासन के दिशा-निर्देशों के शत-प्रतिशत पालन और खरीदी केंद्रों में सुचारू व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

### बैंक हड़ताल से कामकाज प्रभावित

**कोरबा।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आहवान पर जिले के सभी सरकारी बैंक के कर्मचारी मंगलवार को हड़ताल पर चले गए। बैंक यूनियनों ने साफ किया है कि पांच दिन काम की व्यवस्था लागू होने से काम के घंटे कम नहीं होंगे। कर्मचारी सोमवार से शुक्रवार तक रोजाना करीब 40 मिनट अतिरिक्त काम करने को तैयार हैं। यूनियन की हड़ताल से बैंकों का कामकाज जहां ठप्प रहा वहीं वित्तीय लेनदेन एवं कारोबार प्रभावित होगा। यूनियनों की मुख्य मांग है कि बैंकों में भी सप्ताह में पांच दिन काम और दो दिन छुट्टी की व्यवस्था लागू की जाए। यूएफबीयू का कहना है कि मार्च 2024 में भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के साथ हुए वेतन संशोधन समझौते में सभी शनिवारों को छुट्टी देने पर सहमति बनी थी, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया है।

## सैनिक के पास मिला तीन पेज का सुसाइड नोट, प्रताड़ना के गंभीर आरोप

# बर्खास्त नगर सैनिक ने की आत्महत्या की कोशिश

# सैनिकों ने काम किया ठप, जिला सेनानी रायपुर अटैच



प्रदर्शन कर रहे नगर सैनिकों को समझाइश देते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक।



अस्पताल में भर्ती सैनिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के नगर सेनानी में नगर सेना (होमगार्ड) के एक जवान ने कथित बर्खास्तगी और मानसिक प्रताड़ना से आहत होकर गणतंत्र दिवस के दिन जहर सेवन कर लिया, जिससे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। घटना के तुरंत बाद जवान को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं



पीड़ित सैनिक

**खास बात**

- प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने सैनिकों को दी समझाईश

दूसरी ओर उसके बेहतर इलाज हेतु रायपुर स्थित एम्स रेफर कर दिया गया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। वहीं इस घटना व जिला सेनानी पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए जिले के सैंकड़ों नगर सैनिकों ने कामबंद करते हुए रिस्दी रोड स्थित अपने मुख्यालय में अपने विभिन्न मांगों को लेकर आवाज बुलंद की है। वहीं घटना के बाद जिला सेनानी को हटा दिया गया है लेकिन नगर सैनिकों का कहना है कि जब तक उनके बर्खास्त साथी का बहाल नहीं होता तब उनका प्रदर्शन जारी रहेगा।

उल्लेखनीय है कि बालको निवासी नगर सैनिक संतोष पटेल को कुछ समय पहले ही नौकरी से बर्खास्त किए जाने को लेकर मानसिक तनाव में था। इसी तनाव के चलते उसने जहर का सेवन कर लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने जब उसकी हालत बिगड़ती देखी तो तत्काल प्रशासन और पुलिस को सूचना दी गई। आनन-फानन में उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा इलाज शुरु किया गया और बेहतर इलाज के लिए रायपुर एम्स रेफर कर दिया गया था। घटना के दूसरे दिन मंगलवार को जिलेभर के नगर सैनिक अपने अपने कार्यस्थल से सीधे रिस्दी रोड स्थित नगर सेना व अग्निशमन के मुख्यालय जा पहुंचे और जमीन पर बैठकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन शुरु कर दिया। जिसमें मुख्य रुप से जिला सेनानी कुमार एक्का को हटाने व बर्खास्त किये गये नगर सैनिक संतोष पटेल की बहाली सहित अन्य मांग शामिल था। नगर सैनिकों के द्वारा किये जा रहे प्रदर्शन को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस महकमे में हड़कंप मचा और प्रदर्शन कर रहे सैनिकों को समझाने के लिए देवेंद्र पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, सिविल लाईन थाना प्रभारी नवीन पटेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे सैनिकों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे। शाम को इस मामले में जिला सेनानी के पद पर पदस्थ कुमार एक्का को कोरबा से हटाकर केंद्रीय प्रशिक्षण संस्था नगर सेना माना कैंप रायपुर संबंद्ध किया गया है। श्री एक्का के प्रशिक्षण संचालन के दौरान जिला कोरबा के प्रशासनिक कार्य के लिए जिला जांजगीर चांपा के जिला सेनानी सुश्री योगिता साहू को जिला में पदस्थ किया गया है लेकिन वहीं दूसरी ओर प्रदर्शन कर हे सैनिकों का कहना है कि उनका आंदोलन समाप्त नहीं हुआ है जब तक बर्खास्त सैनिक को बहाल नहीं किया जाता तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा।

### पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल पहुंचे धरनास्थल



जिला सेनानी कार्यालय परिसर में प्रदर्शन कर रहे सैनिकों के संबंध में जैसे ही इसकी सूचना पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को मिली तो श्री अग्रवाल मंगलवार की दोपहर रिस्दी रोड स्थित जिला सेनानी कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे सैनिकों के पास मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिला एवं पुरुष नगर सैनिकों से सीधे संवाद करने के लिए जमीन पर बैठ गए और उनकी समस्याएं सुनीं और पूरे मामले को गंभीर बताते हुए प्रशासनिक स्तर पर तत्काल चर्चा की। उन्होंने कहा कि अधिकारी की प्रताड़ना से तंग आकर एक नगर सैनिक द्वारा आत्महत्या का प्रयास किया गया, जिससे नगर सैनिकों में भारी रोष है। इसी घटना के विरोध में नगर सैनिक वरिष्ठ अधिकारी को हटाने, बर्खास्त जवान की बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। उन्होंने संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों से इस मामले में चर्चा की है। बातचीत के दौरान यह जानकारी दी गई कि बर्खास्त नगर सैनिक की जल्द बहाली की जाएगी।

### तीन पेज का मिला सुसाइड नोट, लगाया गंभीर आरोप

पुलिस ने पीड़ित नगर सैनिक संतोष पटेल के पास से एक तीन पेज का सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसने मामले को और गंभीर बना दिया है। सुसाइड नोट में संतोष पटेल ने डिविजनल कमांडेंट और कोरबा कमांडेंट पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। उसने लिखा है कि उसे लगातार दबाव में रखा जा रहा था और बिना उचित सुनवाई के उसे बर्खास्त किया गया है। जिससे वह मानसिक रूप से परेशान होकर आत्मघाती कदम उठाने का जिक्र किया है। उल्लेखनीय है कि जिले में पदस्थ जिला सेनानी के खिलाफ लंबे समय से जिले के नगर सैनिक कई बार प्रदर्शन कर चुके थे। सैनिकों का आरोप था कि जिला सेनानी श्री एक्का द्वारा लगातार उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है।

## मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर कर रहे थे स्टंटबाजी, 9 खिलाफ कार्रवाई

**कोरबा।** गणतंत्र दिवस के दिन कुछ युवक अपने मोटर साइकिल का साइलेंसर खोलकर शहर में फर्राटे भरते हुए स्टंटबाजी कर रहे थे। यातायात पुलिस ने ऐसे युवकों की गाड़ी पकड़कर जमकर सबक सिखाया है। पुलिस ने कुल 9 लोगों के खिलाफ कार्यवाही की है। सार्वजनिक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न थाना, चौकियों एवं यातायात पुलिस द्वारा मॉडिफाई साइलेंसर लगाने वाले वाहन चालकों पर विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर देर शाम को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, सिविल लाईन थाना प्रभारी नवीन पटेल, यातायात सउनि मनोज राठौर व उनकी टीम ने फर्राटे भर रहे बाइक चालकों की शहर के अलग अलग चौक चौराहों में घेराबंदी की।







# शहरी क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों में घट रही बच्चों की उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के हर हिस्से में खुल रहे नर्सरी स्कूलों की वजह से आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति दर्ज संख्या के अनुरूप नहीं हो रही है, रिकार्ड में बच्चों के नाम योजनाओं का लाभ लेने दर्ज है। लेकिन उनके अभिभावक उनका दाखिला नर्सरी स्कूल में करा देते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी बच्चों की उपस्थिति को लेकर यह बात स्वीकारती हैं।

जिले में 2520 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। इनमें शहरी क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी परियोजना अंतर्गत संचालित केन्द्रों में बच्चों की संख्या दर्ज जरूर रहती है, लेकिन उनकी उपस्थिति अपेक्षाकृत कम होने के कारण आंगनबाड़ी केन्द्र खाली नजर आते हैं। महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत 10 परियोजनाओं के अंतर्गत केन्द्र का संचालन किया जाता है। जिनके मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी परियोजना अधिकारियों पर निर्भर रहती है। नगरीय निकाय क्षेत्र में शहरी परियोजना अंतर्गत 150 आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन किया जाता है। जहां बच्चों की संख्या रिकार्ड में जरूर 25 से 30 लगभग दर्ज रहती है, लेकिन उपस्थिति अधिकांशतः 15 से 20 के बीच नजर आती है। पूरक पोषण आहार सहित अन्य पौष्टिक आहार के लाभ के लिए अभिभावक नाम जरूर दर्ज करा देते हैं, लेकिन क्षेत्र में चलने वाले नर्सरी स्कूल में



उनका दाखिला करा देते हैं। यही कारण है कि बच्चे केवल पौष्टिक आहार का लाभ लेने केन्द्र पहुंचते हैं। ऑनलाईन अटेंडेंस शुरू होने से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ही अडेंडेंस हो रही है जबकि बच्चों के उपस्थित के संबंध में कोई नीति नहीं होने से उनकी गणना नहीं हो पाती।दस परियोजनाओं अंतर्गत चलने वाले ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की उपस्थिति अभिभावकों के द्वारा रुचि नहीं लिए जाने की वजह से एवं कार्यकर्ताओं के उपर अन्य शासकीय योजनाओं के कार्यों का दबाव होने के कारण बच्चों को घर से आंगनबाड़ी केंद्र लाने का पर्याप्त समय नहीं मिलने की वजह से कार्यकर्ता बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजने के लिए अभिभावकों को प्रोत्साहित भी नहीं कर पाती केवल टीकाकरण के दिन ही बच्चों की ज्यादा उपस्थिति दिखती है अन्य दिनों में उपस्थिति कम रहने के बावजूद मध्यान्ह भोजन रिकार्ड में दर्ज बच्चों की संख्या के अनुरुप ही बनता है।

### शिविर का आयोजन 30 तक

हरदीबाजार। शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम भदरापारा उतरदा में 24 से 30 जनवरी तक आयोजित की गई है। शिविर के तृतीय दिवस के बौद्धिक परिचर्चा का विषय भारती संविधान और हमारा दायित्व रहा।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा), जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**:: ईश्तहार ::**

क्र. 1778/अ.वि.अ./व्यपवर्तन/2026
जांजगीर, दिनांक 23/01/26

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम पिसौद को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्याम कुमार प्रधान पिता रामलाल प्रधान निवासी ग्राम पिसौद तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पिसौद प.ह.नं. 14 तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा स्थित भूमि ख.नं. 386/3 रकबा 0.15 एकड़ भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति/ दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 29/01/26 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23/01/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**जांजगीर**






**खबर संक्षेप**

## तहसील कार्यालय शिवरीनारायण में तहसीलदार ने किया ध्वजारोहण



**तुस्मा-शिवरीनारायण।** तहसील कार्यालय शिवरीनारायण में 77 वें गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तहसीलदार टेकेन्द्र नुरुटी के द्वारा राष्ट्रगान एवं राष्ट्रीय गीत के साथ ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से अधिवक्ता जितेन्द्र तिवारी, गजेन्द्र बंजारे, एम.आर.कश्यप, श्याम सुंदर कश्यप, देवनारायण माण्डले, रामकुमार बर्मन, ओमनारायण कश्यप, भुनेश्वर बंजारे, इतवारी यादव, अरविन्द चौधरी, सुभाष मिरी, शिवगोपाल यादव, छबि रात्रे, मुख्यालय पटवारी दिलेश्वर प्रसाद कश्यप, जगत पटवारी, पंकज खूंटले, लतीफ निराला, शिवबालक निषाद, हेमलता जांगड़े, रमाशंकर नोनिया, कोटवार प्रकाश सहीस, शिवकुमार चौहान, लीलाराम कश्यप सहित अनेक नागरिकगण उपस्थित रहे।

## गुरुकुल पब्लिक कान्वेंट स्कूल में फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज



**बहेराडीह।** बहेराडीह में स्थित गुरुकुल पब्लिक कान्वेंट स्कूल में 26 जनवरी को स्कूल के प्रधान पाठक रमेश कुमार चौहान ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर गुरुकुल पब्लिक कान्वेंट स्कूल बहेराडीह के अध्यक्ष श्रीमती सविता चौहान, पूर्व पंच नवधा सिंह गोड़, कृष्णो कश्यप, रविकुमार यादव, प्रेमकुमार यादव, सुशीला कारके, अनिता, प्रियंका, जानकी, यामिनी किरण, नंदिनी,जमुना, रितिक कुमार, सोनू, नीतू,अशोक और छात्र छात्राएं प्रमुख रूप से उपस्थित थे.

### स्कूलों में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

# गणतंत्र दिवस पर आन-बान-शान से लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरी-सारागांव

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर अंचल के समस्त ग्राम पंचायत भवनों, आंगनबाड़ी केंद्रों, सेवा सहकारी समिति कार्यालयों, शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं, हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों सहित सभी शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्थानों में मुख्य अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर तिरंगा पूरे गौरव, आन-बान और शान के साथ लहराया। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान अनेक विद्यालयों में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा।

ग्राम पंचायत देवरी में सरपंच मनीष कुमार केवट, उपसरपंच रामनाथ टंडन, सचिव सुरीतराम कर्ष एवं रोजगार सहायक दिनेश कुमार भैना। ग्राम पंचायत अमरुवा में सरपंच मुकेश कुमार सागर, उपसरपंच छविलाल मनेवार एवं सचिव फिरन लाल राज। ग्राम पंचायत सोनियापाठ में सरपंच संजय कुमार साहू एवं सचिव अरविंद राठौर। ग्राम पंचायत बघौदा में सरपंच श्रीमती कृतिका प्रीतम बरेठ, उपसरपंच श्रीमती विमला कंवर, सचिव शंकरलाल यादव एवं रोजगार सहायक श्रीमती तारा सुरेश सूर्यवंशी। ग्राम पंचायत कुम्हारीकला में सरपंच राजेश चौहान, उपसरपंच श्रीमती मंदाकिनी सूखेन बरेठ, सचिव मेहतर खैरवार एवं रोजगार सहायक जय सिंह राज। ग्राम पंचायत लछनपुर में सरपंच राजेश कुमार सूर्यवंशी, उपसरपंच रतनलाल बरेठ, सचिव नंदकिशोर सूर्यवंशी एवं रोजगार सहायक ललित कुमार सिदार। ग्राम पंचायत कड़ारी में सरपंच श्रीमती उषा संजय दिनकर, जनपद पंचायत सभापति सुरेश कुमार साहू एवं सचिव छत्रपाल सिंह क्षत्रिय। ग्राम पंचायत खमहिया में सरपंच प्यारेलाल सूर्यवंशी, उपसरपंच श्रीमती कांति ईश्वर बरेठ एवं सचिव हरनारायण पटेल। ग्राम पंचायत कचन्दा में सरपंच राकेश कुमार राठौर, उपसरपंच श्रीमती पुष्पलता राठौर, सचिव महेंद्र कुमार गोड़ एवं रोजगार सहायक राजकुमार राठौर। ग्राम पंचायत दारंग में सरपंच श्रीमती फटकन बाई संतोष चौहान, उपसरपंच श्रीमती प्रीति साहू एवं सचिव मनहरण कंवर। ग्राम पंचायत दुरपा में सरपंच श्रीमती सपना सहस चौहान, उपसरपंच परमेश्वर (धन्नू) यादव एवं सचिव नंदकिशोर सूर्यवंशी। ग्राम पंचायत चोरिया में सरपंच बटदेव उरांव, उपसरपंच गनपत उरांव एवं सचिव जयराम यादव। नगर पंचायत सारागांव में अध्यक्ष छविलाल सूर्यवंशी एवं उपाध्यक्ष दिलेश्वर राठौर। सेवा सहकारी समिति कुम्हारीकला में अध्यक्ष दामोदर प्रसाद बरेठ, प्रबंधक रागिनी रात्रे, पुष्पेंद्र सिंह राठौर एवं मनीशंकर बरेठ। सेवा सहकारी समिति कड़ारी में अध्यक्ष हीरासाय साहू, प्रभारी प्रबंधक दिलीप कुमार बरेठ एवं अनमोल सिंह ठाकुर द्वारा ध्वजारोहण किया गया।





गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करते अतिथि।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस



**पामगढ़।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हेड़सपूर में हर्षोल्लास के साथ 77 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। सुबह 7.30 बजे ग्राम प्रमुख सरपंच अनिल दिवाकर के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच अनिल दिवाकर व अध्यक्ष संस्था प्रमुख श्रीमती निर्मला कौशिक थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम के पंच पंचराम दिवाकर, पुरुषोत्तम खरे, मणिशंकर रात्रे, प्रितम बर्मन, गोविन्दा दिवाकर, पूर्व उप सरपंच सुरेंद्र दिवाकर व गणमान्य नागरिक रोहित रत्नाकर, महेन्द्र पाण्डेय, संजय दिवाकर आदि थे।

## गणतंत्र दिवस पर विधायक ने किया ध्वजारोहण



**अकलतरा।** देश के 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अकलतरा नगर स्थित इंदिरा उद्यान में गरिमामय वातावरण में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। विधायक श्री सिंह ने उपस्थित नागरिकों एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की याद दिलाने वाला महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को बनाए रखने में योगदान दे।स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और संविधान निर्माताओं के दूरदर्शी विचारों के कारण ही आज भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में स्थापित है। इस अवसर पर वन विभाग के उप वन क्षेत्राधिकारी विजेंद्र सिंह, सतीश सिंह, अनिल दुबे, अविनाश साहू, राधेश्याम साहू, विजय बरेठ सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## संविधान के आदर्शों को आत्मसात करने का लिया संकल्प



**सक्ती।** स्थानीय संस्कार पब्लिक स्कूल में भारत का 77वाँ गणतंत्र दिवस भव्य रूप में मनाया गया। राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति के गीतों और तिरंगे की छटा से सराबोर रहा। शानदार आगाज और ध्वजारोहणसमारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और गरिमामय ध्वजारोहण के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक द्वारकानाथ स्वर्णकार, चेयरमैन प्रकाशचंद अग्रवाल, प्राचार्य वी. के. मिश्रा, प्रधानाचार्या सुश्री रूपल उपाध्याय एवं वीरेंद्र स्वर्णकार विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रेरणादायी उद्बोधनप्राचार्य वी. के. मिश्रा ने गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बोध कराया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी ही राष्ट्र के निर्माता हैं, जिन्हें संविधान के मूल्यों—न्याय, स्वतंत्रता और समानता—को अपने जीवन में उतारना चाहिए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मनविद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया:संविधान नाटकः छात्रों द्वारा भारतीय संविधान के निर्माण और महत्व पर आधारित एक प्रभावशाली नाटक पेश किया गया।विविध कार्यक्रमः देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों और सामूहिक नृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**प्रतिभाओं का सम्मान**-कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक और खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। शैक्षणिक उत्कृष्टताः सत्र 2024-25 के कक्षा-वार टॉपर्स को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। अंतर-सदनीय प्रतियोगिताः सत्र 2025-26 के लिए मिल्खा हाउस को विजेता और ध्यानचंद हाउस को उपविजेता की ट्रॉफी से नवाजा गया। मंच का संचालन शिक्षक कोमल पटेल के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने किया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षिका मोमिता मंडल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान और मिष्ठान वितरण के साथ समारोह का सफल समापन हुआ।


## आवश्यकता है

शहीद नंद कुमार पटेल विश्व विद्यालय रायगढ़ से सम्बध 1.शिव शक्ती इस्टीट्यूट खोरसी (शिवरीनारायन) मे परिनियम-28 के अर्तगत नियुक्त हेतु निम्नानुसार पदो पर आवेदन पत्र आमंत्रित है।

2. शिव शक्ती कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खोरसी (शिवरीनारायन)

| क्रमांक | पद | क्रमांक | क्रमांक |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य (01 पद) वेतनमान / योग्यता UGC के नियमानुसार PHD/15 वर्ष का अनुभव | 16. | सहा. प्राध्याक (01 पद) संस्कृत साहित्य Genral |
| 2. | सहा.प्राध्याक (02) पद) हिन्दी Genral-01 OBC-01 | 17. | सहा. प्राध्याक (01 पद) बिजनेस इकोनोमिक SC-01 |
| 3. | सहा.प्राध्याक (02 पद) अंग्रेजी Genral-02 | 18. | सहा. प्राध्याक (01 पद) फंडामेंटल ऑफ आकाउटींग Genral |
| 4. | सहा. प्राध्याक (01 पद) भौतिकशास्त्र OBC-01 | 19. | सहा.प्राध्याक (01 पद) एनवायरमेंट स्टडी OBC-01 |
| 5. | सहा.प्राध्याक (01 पद) गणित ST-01 | 20. | सहा. प्राध्याक (01 पद) एलिमेंट्री बॉटनी OBC-01 |
| 6. | सहा. प्राध्याक (01 पद) वनस्पतिशास्त्र OBC-01 | 21. | सहा. प्राध्याक (01 पद) कॉन्सेप्ट आफ बिजनेस Genral-01 |
| 7. | सहा.प्राध्याक (01 पद) जन्तुविज्ञान SC-01 | 22. | (01 पद) कार्यालय अनुवर OBC-01 |
| 8. | सहा. प्राध्याक (01 पद) रसायनशास्त्र ST-01 | 23. | सहा.(01 पद) कार्यालय लिपिक Genral |
| 9. | सहा.प्राध्याक (01 पद) बिजनेस ला OBC-01 | 24. | (01 पद) प्रयोगशाला सहायक ST |
| 10. | सहा.प्राध्याक (01 पद) राजविज्ञान ST-01 | 25. | (01 पद) प्रयोगशाला अनुवर OBC-01 |
| 11. | सहा. प्राध्याक (01 पद) शिक्षा (MED) OBC-01 | 26. | (01 पद) क्रीडा अधिकारी Genral |
| 12. | सहा.प्राध्याक (01 पद) बी.पी.ई. SC-01 | 27. | (01 पद) ग्रथपाल OBC-01 |
| 13. | सहा. प्राध्याक (01 पद) अंग्रेजी साहित्य Genral | 28. | (01 पद) चपरासी Genral-1 OBC-01 |
| 14. | सहा. प्राध्याक (01 पद) हिन्दी साहित्य OBC-01 | 29 | (01 पद) पुस्तकालय अनुवर OBC-01 |
| 15. | सहा. प्राध्याक (01 पद) समाजशास्त्र SC-01 | | |

नोट- 01. आवेदनपत्र रजिस्टर्ड डाक से भेजने की अन्तिम तिथी 10/02/2026, 02. आरक्षन के अनुसार अभ्यार्थी नही मिलने पर सामान्य कोर्ट के आधार पर पदो की पुर्ति की जावेगी।
03. वेतनमान एवं योग्यता UGC के अनुसार (NET/SET) होगी।

पता
सचिव- श्रीयांक शिक्षण समिति खोरसी (शिवरीनारायन)
व्हाया- खरौद तहसील- पामगढ़, जिला-जाजगीर-चांपा (छ.ग.) 495556
मो. नं. 9630053453, 9907146045, 9993749215





## खबर संक्षेप

### कक्षा 10वीं की टॉपर छात्रा पायल को राज्यपाल ने किया सम्मानित



**देवरी सारागांव।** बम्हनीडीह विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हारीकला निवासी पायल राज ने कक्षा 10वीं की परीक्षा वर्ष 2025 में प्रदेश स्तर पर छठवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए राजधानी रायपुर स्थित राजभवन में आयोजित सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा पायल राज को प्रशस्ति पत्र एवं 1 लाख 50 हजार रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। पायल जयसिंह राज एवं श्रीमती सीता राज की पुत्री है। इस सफलता से ग्राम पंचायत कुम्हारीकला सहित आसपास के गांवों में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने पायल की कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। पायल की इस उपलब्धि से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेना चाहिए।

### असाक्षरों के लिए स्कूलों में हुआ उल्लास मेला का आयोजन



**चांपा।** जिला साक्षरता मिशन जांजगीर एवं बम्हनीडीह बीईओ रत्ना थवाईत एवं बीआरसी हीरेन्द्र बेहार के मार्गदर्शन में असाक्षरों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अन्तर्गत उल्लास नवभारत साक्षरता के तहत गणतंत्र दिवस पर उल्लास मेला का आयोजन प्रत्येक गांव के स्कूलों में किया गया। इस मेले का उद्देश्य जनसमुदाय को साक्षरता के प्रति जागरूक करना था। मेले में नवसाक्षर, असाक्षर , स्वयंसेवी शिक्षक और नागरिक शामिल हुए । मेले में बुनियादी साक्षरता एवं गणितीय संक्रियाओं पर आधारित अवधारणा पर स्टाल लगाए गए थे । इसमें गांव के नवसाक्षरों , असाक्षरों द्वारा ग्राम प्रभारी एवं स्वयंसेवी शिक्षकों की सहायता से स्टॉल का प्रदर्शन किया। मेले में विशेष स्टॉल लगाए गए थे जहां असाक्षरों के लिए मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियां आयोजित की गई। उल्लास मेला के माध्यम से नवसाक्षरों, असाक्षरों को उल्लास कार्यक्रम से जोड़ना ,नवीन अवधारणाओ से परिचित कराया गया। उल्लास मेला को लेकर नवसाक्षरों , असाक्षरों में काफी उत्साह दिखा उनके द्वारा स्टालों का स्वयं संचालन कर सीखा और सीखने की प्रक्रिया से दूसरों को प्रेरित भी किया। उल्लास मेला केवल एक आयोजन ही नही , बल्कि नवसाक्षरों को आत्मनिर्भर , आत्मविश्वासी एवं सशक्त नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जो विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सहायक सिद्ध होगी। उल्लास मेला पर बम्हनीडीह ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायत के स्कूलों में साक्षरता रैली , साक्षरता शपथ के साथ उत्साहपूर्वक उल्लास मेले का आयोजन किया गया जिसमें नवसाक्षर, असाक्षर , स्वयंसेवी शिक्षक, ग्राम प्रभारी , जनप्रतिनिधि शामिल थे ।

### क्रिकेट प्रतियोगिता में बोलबम इलेवन बीएसपी बनी विजेता, लाडो इलेवन सक्ती को हराया



**अकलतरा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर अकलतरा स्थित स्व. राकेश कुमार सिंह खेल परिसर (हाईस्कूल मैदान) में आयोजित ट्रेटॉन बॉल क्रिकेट ओपन टूर्नामेंट स्मृति कप सीजन–01 का फाइनल मुकाबला खेला गया। रोमांचक फाइनल में बोलबम इलेवन बीएसपी ने लाडो इलेवन सक्ती को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए लाडो इलेवन सक्ती ने निर्धारित ओवरों में 111 रन बनाए। जवाब में बोलबम इलेवन बीएसपी की टीम ने संतुलित और आत्मविश्वासपूर्ण बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य हासिल कर निर्णायक जीत दर्ज की। फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए बोलबम टीम के शीलू जाटव को मैन ऑफ द मैच चुना गया, जिन्होंने 43 रन बनाने के साथ 2 विकेट भी लिए। विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा, श्रीमती जहूर बेगम, लक्ष्मीकांत पुरोहित एवं प्रशांत शर्मा के आतिथ्य में ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण अकलतरा क्रिकेट क्लब द्वारा किया गया, जिसे दर्शकों ने बड़े उत्साह के साथ देखा। आयोजक विजय कुमार खाण्डेल ने सभी खिलाड़ियों, सहयोगियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पार्षद सुनीता सिंह, राजकुमार राठी, मुरलीधर मिश्रा, माधुरी देवी पालीवाल, चंद्रशेखर मिर्चन्य, देवनारायण बरेठ, राजकुमार सिंह , अंकित सिंह सिसोदिया, संजय सागर, अविनाश साहू, हितेश पालीवाल सौरभ जैन ,जुनेद अख्तर, सुशील रॉय, दुग्गा, भोला खांडेल जगधर ,आशीष नवरंग ,सैफ खान चप्पू रॉय ,आर्यन रॉयसहित जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

लक्ष्मणेश्वर कालेज में आयोजित हीरक जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए वित्त मंत्री

# शिक्षा समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद




कार्यक्रम को संबोधित करते वित्त एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी।

वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ. पी. चौधरी ने बुधवार 28 जनवरी को खरौद नगर पंचायत के शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित हीरक जयंती में शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि हीरक जयंती का आयोजन हमें भारत की गौरवशाली बौद्धिक और आर्थिक विरासत की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि भारत पहली सदी से लेकर 17वीं सदी तक लगभग 1600 वर्षों तक विश्व की सबसे सशक्त आर्थिक शक्ति रहा है। भारत ने विश्व को शून्य जैसा महान आविष्कार दिया, जिस पर आज दुनिया की पूरी गणना प्रणाली आधारित है। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े नवाचार भारत की धरती पर हुए हैं। नालंदा और तक्षशिला जैसे ज्ञान-आधारित संस्थान इस बात के प्रमाण हैं कि भारत प्राचीन काल से ही ज्ञान का केंद्र रहा है। प्रभारी मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय टेक्नोलॉजी और इनोवेशन का समय है। आज टेक्नोलॉजी आधारित नवाचार तेजी से हो रहे हैं, इसलिए शिक्षा भी समयानुकूल और उपयोगी होनी चाहिए। शिक्षा समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेज़ी से विकास की राह पर अग्रसर है और शिक्षा इस विकास की सबसे मजबूत नींव है। इस दौरान महाविद्यालय के स्मारिका दर्पणग्रंथ का विमोचन किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम अध्यक्ष सौरभ सिंह, पूर्व संसदीय सचिव अम्बेश जांगड़े, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, सदस्य माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ चन्द्रकांत तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद यादव, उपाध्यक्ष महेश्वर यादव, पूर्व कुलपति, बरसूर विश्वविद्यालय एस.डी.आर. चन्द्रा, क्षेत्रीय अपर संचालक, बिलासपुर डॉ. डी.पी. साहू, शिक्षाविद् एवं सदस्य, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर बृजेश शुक्ला, अध्यक्ष जनपद पंचायत पामगढ़ श्रीमती रंजना मानेश जांगड़े, अध्यक्ष नगर पंचायत शिवरीनारायण राहुल थवाईत, अध्यक्ष नगर पंचायत राहौद श्रीमती प्रतिमा कश्यप, राजेन्द्र वैष्णव, गुलाब सिंह, चन्द्रशेखर देवांगन, अमर सुल्तानिया, संतोष लहरे, चन्द्रकांत तिवारी, प्रमोद कुमार सोनी, महेश कुमार सोनी, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, शिवरात्री प्रसाद यादव, योगेन्द्र कुमार सोनी, प्राचार्य डॉ. जी.सी. भारद्वाज सहित जनप्रतिनिधि, विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु मंदिर में 8 लाख की लागत निर्मित होने वाले अतिरिक्त कक्ष का किया शिलान्यास



वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ. पी. चौधरी ने सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरौद में 8 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले अतिरिक्त कक्ष का शिलान्यास किया। वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत करने से सफलता अवश्य मिलती है। शिक्षा का समाज और देश को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने शिक्षा एवं वर्तमान में आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि साहस और संघर्ष के साथ चुनौतियों का सामना करना चाहिए।



## शहर के लिए भारी न पड़ जाए सोंठी में बनने वाला ओवर ब्रिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

लोकसभा चुनाव के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोंठी समपार और टेमर समपार में ओवरब्रिज बनाए जाने के लिए भूमि पूजन किया था। 1 साल बाद अब सोंठी समपार के लिए सोंठी फाटक से 500 मीटर की अधिक दूरी पर यू आकार का ब्रिज बनाए जाने के लिए कार्य शुरू हो गया है।

रेल अधिकारियों द्वारा ब्रिज के क्षेत्र में आने वाले मकान का भी लगातार सर्वे किया जा रहा है ताकि अधिग्रहण की स्थिति में जमीन एवं मकान का मुआवजा दिया जा सके तो दूसरी ओर रेल लाइन के किनारे अपने निजी जमीन पर बनाए गए घर मालिक रेल विभाग द्वारा घर का लगातार सर्वे किया जा रहा है, जिसके कारण उनमें दहशत है की कही उनके पुस्तैनी घर भी ओवर ब्रिज के जद में ना आ जाए और उन्हें अपने पुरखौती मकान छोड़ना ना पड़ जाए,तो दूसरी ओर टेमर समपार फाटक में भी ओवरब्रिज बनाए जाने के लिए सर्वे का कार्य लंबे समय से हो गया है। कई बार बेजा कब्जा हटाने के लिए फाटक के दोनों 5- 5 सौ मीटर की दूरी पर स्थित दोनों छोर के ग्रामीणों को कई बार राजस्व विभाग द्वारा नोटिस जारी किया जा चुका है, जिसके चलते सड़क किनारे निवास एवं दुकान खोलकर रोजगार करने वाले परेशान है। ग्राम पंचायत सोंठी के पंच राम अवतार साहू व उप सरपंच मुकेश डेंसिल ने मांग किया है कि अगर दोनों फाटक के बीच में ओवर ब्रिज बनाया जाता है तो दोनों ओर से यू आकार का ब्रिज बनाया जाए ताकि शक्ति शहर, ग्राम पंचायत सोंठी के नागरिकों का कम नुकसान हो, साथ ही सक्ती स्थित रेल्वे के रैक पॉइंट में चावल लदे ट्रैकों को पहुंचने में कोई दिक्कत ना हो। इस संबंध में ग्राम पंचायत सोंठी की सरपंच राखी अशोक यादव का कहना है कि ग्राम सोंठी के रेल खंभा के पास सोंठी फाटक के लिए बनाए जाने वाले यू आकार के ब्रिज के साथ ही टेमर समपार का ब्रिज को जोड़कर इसे भी यू आकार का बनाया जाता है तो जल्दी बनेगा तथा शहरी क्षेत्र में हैवी वाहन नहीं पहुंच पाएगा।

## चतुर्थ वार्षिक भटली श्याम अर्जी निशान पद यात्रा रवाना



भटली श्याम दर्शन के लिए रवाना होते श्याम भक्त

**चांपा।** श्री श्याम मित्र मंडल चांपा के तत्वाधान में मोदी चौक स्थित श्याम खाटू मंदिर से श्री श्याम मंदिर भटली तक निकाली जाने वाली चतुर्थ अर्जी निशान पद यात्रा इस वर्ष रविवार 25 जनवरी को प्रातः 7 बजे श्याम मंदिर मोदी चौक से रवाना हुई। यह पांच दिवसीय निशान पद यात्रा में शामिल श्याम भक्त 29 जनवरी को भटली में श्री श्याम प्रभु को निशान अर्पित कर वापस नगर लौटेंगे। आज से चार वर्ष पूर्व वर्ष 2023 से प्रारंभ हुई भटली निशान पद यात्रा में इस वर्ष श्याम मित्र मंडल चांपा से संयोजक संदीप मित्तल, घनश्याम मोदी, सौमिल मोदी, कमल मित्तल, अर्पण सिंघानिया, नीरव अग्रवाल, यश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल तथा अश्मित अग्रवाल शामिल हुए। यह सभी श्याम भक्त श्याम मंदिर चांपा से रवाना होकर प्रथम दिन की यात्रा में रात्रि विश्राम के लिए बिर्रा पहुंचे। दूसरे दिन 26 जनवरी को हसौद होते हुए रात्रि विश्राम के लिए डभरा पहुंचे। तृतीय दिवस मंगलवार 27 जनवरी को चंद्रपुर होते हुए रात्रि विश्राम ग्राम साल्हेओना में हुआ। चतुर्थ दिवस की यात्रा में बुधवार 28 जनवरी को सभी श्याम भक्त सरिया होते हुए ग्राम भुक्ता में रात्रि विश्राम करेंगे। इसके पश्चात अंतिम दिवस गुरूवार 29 जनवरी को भटली के श्री श्याम बिहारी मंदिर में निशान अर्पण कर सभी श्याम भक्त वापस नगर आयेंगे। सभी श्याम भक्तों को प्रथम दिन श्याम मंदिर चांपा से रवाना करने सुनील अग्रवाल (भांचा), अंकित मोदी, जयप्रकाश अग्रवाल तथा श्रीमती कौशिल्या मोदी आदि मौजूद थे।

## अनुशासित जीवन का पालन करते हुए बढ़ें आगे : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल में 24 एवं 25 जनवरी को रजत जयंती समारोह एवं वार्षिक उत्सव 2026 का दो दिवसीय भव्य आयोजन किया गया।

- **विद्यालय परिसर में हुआ पूर्व छात्र मिलन समारोह**



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि हरीश यादव एवं मंचस्थ अन्य अतिथिगण।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरीश यादव अति. पुलिस अधीक्षक बेमेतरा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में गौरव पांडे सहायक जिला आबकारी अधिकारी इंदौर, दिनेश थवाईत वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार लहरे थाना प्रभारी दुर्ग, मनोज खरे वरिष्ठ अधिवक्ता, विनय जांगड़े, राजन थवाईत, राहुल थवाईत, एकांश गुप्ता , प्रिंस गांधी, रवि कश्यप, रूपेश कौशिक, योगेश बघेल, पूर्णिमा, पिंकी खन्ना, आस्था तिवारी ,विजेंद्र सिंह अधिकारी एनटीपीसी सीपत, निर्मल जांगड़े थाना प्रभारी कांकेर, बलवंत खन्ना (डायरेक्टर पी आर कंसलटेंसी रायपुर, विशाल खन्ना चिकित्सक नवागढ़, रोशन ओग्रे सहायक संचालक वित्त विभाग रायपुर, पुष्पेन्द्र साहू व्याख्याता केंद्रीय विद्यालय कुसमुंडा, शिखर कौशिक प्रबंधक एचडीएफसी बैंक शिवरीनारायण, ओमप्रकाश सिंह, श्याम हरबंस सहित लगभग 300 पुराने छात्र और छात्रा उपस्थित रहे। भूतपूर्व शिक्षक में कलीम खान, यूनुस यासनी, विषम लहरें,नासिर हुसैन,सूरज भार्गव, महापात्र मैडम, अनामिका तिवारी, ज्योति सिंह, रोहित पटेल, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधा पांडेय अध्यक्ष मईनका माई शिक्षण समिति पामगढ़ द्वारा किया गया। इस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रियूनियन के अवसर पर वर्ष 2000 से 2020 तक के भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का दल उपस्थित रहा। विद्यायल परिवार से नरेंद्र कुमार पाण्डेय संचालक, विद्यानिकेतन स्कूल एवं ड्रीम लैंड स्कूल पामगढ़, अशोक कुमार मिरे प्राचार्य, विद्या निकेतन स्कूल पामगढ़, दीपक प्रधान प्राचार्य, ड्रीमलैंड स्कूल पामगढ़, अखिल शुक्ला विभाग प्रमुख, ड्रीमलैंड स्कूल पामगढ़, अर्जुन लाल यादव उ.प्राचार्य विद्या निकेतन, तुलसी यादव उ.प्राचार्य ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल पामगढ़ एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि हरीश यादव ने कहा कि बचपन में मेरे गुरुओं के द्वारा दिए गए ज्ञान का ही यह परिणाम है कि जिसने मुझे इस मंच पर और इस पद पर पहुंचाया है, मैं आपका कल हूं और आप सब हमारे आने वाली पीढ़ियां है। इस विद्यालय का भविष्य है और मैं आप सभी से यही कहना चाहता हूं कि यदि मैं इस पद पर आ सकता हूं तो आप भी आ सकते हो अनुशासित जीवन का पालन करते हुए आगे बढ़ते रहिए। राजकुमार लहरें ने कहा कि युवा वर्ग को अनुशासित जीवन का पालन करते हुए मोबाइल फोन जैसे संसाधनों का सीमित प्रयोग करना होगा ताकि युवाओं का ध्यान अपने लक्ष्य पर अधिक रहते हुए विचलित ना हो पाए। इस रंगारंग कार्यक्रम का संचालन रोहित, पटेल,सत्येंद्र सिंह, निषेध तिवारी एवं वीरेंद्र कुमार खूंटे कार्यक्रम अधिकारी रासेयो द्वारा किया गया।

## केंवट निषाद समाज का 68 वां वार्षिक उत्सव

**शिवरीनारायण।** छत्तीसगढ़ केवट निषाद समाज केंद्रीय समिति शिवरीनारायण द्वारा समाज का 68 वां वार्षिक उत्सव समारोह भव्यता के साथ मनाया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संयोजक प्रदीप कैवर्त शामिल हुए। छत्तीसगढ़ केवट निषाद समाज का केंद्रीय कार्यालय श्री राम जानकी चौबीस अवतार भगवान केवट मंदिर, शिवरीनारायण में स्थित है। यह कार्यालय बिलासपुर एवं रायपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले 9 जिलों के 34 परिक्षेत्रों का मुख्य केंद्र है, जहां समाज के सर्वांगीण विकास एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर निरंतर चर्चा एवं निर्णय लिए जाते हैं। वार्षिक उत्सव के अवसर पर समाज के प्रतिभावान व्यक्तियों एवं विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया गया। समारोह की अध्यक्षता रामेश्वर केवट ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती प्रेमलता निषाद, श्रीमती गायत्री केवट, तथा नगर पंचायत शिवरीनारायण के अध्यक्ष राहुल थवाईत मंचासीन रहे। सभी अतिथियों ने समाज की एकता, शिक्षा और विकास पर जोर दिया। ढाई लाख रुपये की लागत से कसडोल परिक्षेत्र ने भव्य मुख्य द्वार गुह निषाद राज प्रवेश द्वार बनवाया है जिसे सम्मानित किया और साथ ही एक दान दाता श्रीमती अग्घन बाई गौटिया स्व.गौहर जान देवरहा द्वार मंदिर विकास हेतु 50 हजार की दान राशि समर्पित की गई। सबको समाज द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल केवट (शिक्षक) एवं केंद्रीय समिति के महासचिव रमेश चंद्र कैवर्त्य ने तथा आभार प्रदर्शन केंद्रीय समिति अध्यक्ष रामेश्वर केवट द्वारा किया गया। इस अवसर पर सर्वराकार खोलबहरा केवट, संरक्षक बहरता केवट, उपाध्यक्ष धनेश केवट, कोषाध्यक्ष डॉ. सनत कुमार केवट, मीडिया प्रभारी अजय कुमार केवट, उग्रेश्वर गोपाल केवट सहित अनेक पदाधिकारी, विभिन्न जिलों के परिक्षेत्रीय पदाधिकारी, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन समाज की उन्नति, एकता एवं भविष्य की योजनाओं पर सकारात्मक विचार-विमर्श के साथ हुआ।

## निः शुल्क योग शिविर में विद्यार्थी हो रहे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

छत्तीसगढ़ शासन संचानालय आयुष के आदेशानुसार एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी के मार्गदर्शन में आदर्श ग्राम पंचायत महका में राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर राहौद के तत्वाधान में पांच दिवसीय निःशुल्क योग 27 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

योगासन के पूर्व भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना डाक्टर पायल शर्मा, फार्मासिस्ट कमल नारायण कुर्रे, शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक, द्वारा किया गया। आयुष चिकित्सक डॉक्टर पायल शर्मा ने ग्रामवासियों से अपील की है कि इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने शरीर को स्वास्थ्य बनाए। योग प्रशिक्षक सुखदेव श्रीवास द्वारा सूर्य नमस्कार, ध्रुव आसन, कटिचक्रासन, नटराजासन, त्रिकोण आसन, मंडूकासन, शशांक आसन,गौमुख




आसन, अर्धमत्स्येंद्र आसन, एक्यूप्रेशर पॉइंट, कपाल भांति, अनुलोम विलोम, भस्त्रिका प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, आदि को प्रशिक्षण दिया गया,एवं इसके होने वाले फायदे के बारे में विस्तार से बताया गया। इस शिविर में छात्र छात्राओं एवं ग्रामवासी ने भाग लिए। आयुष्मान आरोग्य मंदिर राहौद के औषधालय सेवक बलराम कुर्रे, पीटीएस दिलराज सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने आयोजन जरुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

दिल्ली पब्लिक स्कूल के खेल प्रांगण में आयोजित "उमंग द विंटर कार्निवल" कार्यक्रम उल्लास, सृजनशीलता और सांस्कृतिक विविधता का भव्य संगम बना।

- **दिल्ली पब्लिक स्कूल में उमंग द् विंटर कार्निवल का आयोजन**



बच्चों से जानकारी लेते अतिथि।

कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि अमर सुल्तानिया, जिला संगठन प्रभारी जशपुर, इंजीनियर रवि पाण्डेय प्रदेश प्रवक्ता, भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ किसान मोर्चा विद्यालय की संरक्षिका श्रीमती मीना देवी देवांगन, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकिशोर देवांगन, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, श्रीमती स्नेहा देवांगन, श्रीमती ज्योति देवांगन, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती कल्पना सिंह, आलोक अग्रवाल डायरेक्टर, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, जांजगीर, श्रीमती सोनाली सिंह प्राचार्या, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल जांजगीर के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह ने ''नन्ही जान फाउंडेशन'' का परिचय देते हुए शिक्षा के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व को रेखांकित किया। "उमंग द विंटर कार्निवल" कार्यक्रम का एक विशेष एवं ऐतिहासिक क्षण रहा पुस्तक विमोचन समारोह, जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति की सदस्या श्रीमती स्नेहा देवांगन, प्राचार्या श्रीमती कल्पना सिंह, अंग्रेजी एवं हिंदी विभागाध्यक्ष एल. एन. मिश्रा, अजय सोनी एवं विद्यार्थियों की मौलिक रचनात्मक अभिव्यक्ति को स्वर देते हुए दो काव्य संग्रह "मुक्ताहार" तथा 'द व्हिस्पर्स ऑफ सोल'( हिंदी और अंग्रेजी ) का विमोचन अतिथियों एवं प्रबंधन समिति के प्रमुख सदस्यों के द्वारा किया गया। तदनंतर अतिथि इंजीनियर रवि पाण्डेय ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्र व समाज निर्माण के प्रति समर्पण की भावना का संचार किया। अमर सुल्तानिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं और उनके चहुंमुखी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों को स्मृति-चिह्न, शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें सात महादेशों एवं छः क्लब के अंतर्गत विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ क्लब श्रेणी में प्रथम पुरस्कार कारपेंट्री क्लब को, द्वितीय पुरस्कार क्ले एंड पॉटरी क्लब को, वहीं सर्वश्रेष्ठ कॉन्टिनेंट में प्रथम पुरस्कार साउथ अमेरिका और द्वितीय पुरस्कार नॉर्थ अमेरिका को प्रदान किया गया।

